G20
भारत 2023 INDIA
वसुधैव कुटुम्बकम्
ONE EARTH • ONE FAMILY • ONE FUTURE

कार्यालयः— खण्ड शिक्षा अधिकारी बहादराबाद,हरिद्वार

पत्रांक / 2963 - 65 / विविध /2023—24 दिनांक 22 दिसम्बर 2023

सेवा में

1 समस्त प्रधानाचार्य / प्रधानाचार्या / प्रधानाध्यापक
समस्त राजकीय माध्यमिक विद्यालय / रा0प्रा0वि0
बहादराबाद, हरिद्वार।

विषय राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में निःशुल्क दयालु नागरिक कार्यशाला आयोजित करने हेतु अनुमति के सम्बन्ध में।

महोदय

उपरोक्त विषयक कार्यालय मुख्य शिक्षा अधिकारी हरिद्वार के पत्रांक / विविध / 4746 —49 / अनुमति / 2023—24 दिनांक 15 दिसम्बर 2023 के द्वारा अवगत कराया गया है कि दयालु नागरिक मानव सेवा ट्रस्ट जनपद बिजनौर, पशु कल्याण संगठन पेटा इण्डिया के साथ काम करते हुये उत्तराखण्ड राजकीय विद्यालयों में जूनियर कक्षा 1—5 तथा सीनियर कक्षा 6 से 8 तक के छात्र / छात्राओं हेतु मानवीय शिक्षा कार्यक्रम की मुफ्त 40 मिनट की कार्यशाला आयोजित करना चाहती है। (संलग्न)

अतः उक्त के क्रम में आपको निर्देशित किया जाता है कि दयालु नागरिक मानव सेवा ट्रस्ट जनपद द्वारा मानवीय शिक्षा कार्यक्रम की विद्यालय में निःशुल्क कार्यशाला आयोजित किये जाने हेतु अधिकृत सदस्य की पहचान पत्र की जॉच एंव 40 मिनट का समय देते हुये कक्षा 1—5 तथा कक्षा 6 से 8 तक के छात्र / छात्राओं को उक्त कार्यशाला में प्रतिभाग कराना सुनिश्चित करें। इस बात का अवश्य ध्यान रखा जाये कि कार्यशाला के दौरान विद्यालय में किसी प्रकार से छात्र / छात्राओं के पठन—पाठन में अव्यवस्था व बाधा उत्पन्न न हो।

संलग्नक—यथोपरि।

भवदीय

22/12/23

खण्ड शिक्षा अधिकारी
बहादराबाद, हरिद्वार

(स्वराज सिंह तोमर)
खण्ड शिक्षा अधिकारी
बहादराबाद,हरिद्वार।

पृ0सं0 / 2963 - 65 / विविध /2023—24 तिथि उक्त्।

प्रतिलिपि— निम्नांकित अधिकारियों की सेवा में सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1— मुख्य शिक्षा अधिकारी, हरिद्वार।

2— उपशिक्षा अधिकारी बहादराबाद, हरिद्वार को इस आश्य से कि अपने अधीनस्थ विद्यालयों को उक्त कार्यशाला अपने स्तर से आयोजित करने हेतु निर्देशित करें।

Seen
9.2.2024
खण्ड शिक्षा अधिकारी
बहादराबाद, हरिद्वार

22/12/23
खण्ड शिक्षा अधिकारी
बहादराबाद,हरिद्वार।